सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 202 | इंदौर, गुरुवार 01 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

### टैक्स में कोई राहत नहीं, सैलरीड क्लास को मायूसी; पर आवास योजना का तोहफा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश कर रही हैं। उन्होंने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का दृष्टिकोण सबका साथ, सबका वश्विास है और इसके अनुरूप सरकार काम कर रही है। सीतारमण का वित्त मंत्री के रूप में यह छठा बजट है। वित्त मंत्री ने कहा कि सामाजिक कल्याण के लिए सरकार ने सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी नीति और कार्यक्रम लागू किए तथा भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद को खत्म किया है। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के तहत जनधन खातों के जरिये 34 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। इससे 2.7 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई, जिससे कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसे की व्यवस्था हो पाई। वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के बावजूद पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ घर मुहैया कराए गए, दो करोड़ नए घर भी परिवारों को दिए जाएंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में बजट को मंजूरी दी गई। आगामी महीनों में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बात की संभावना है कि सरकार कुछ लोक-लुभावन घोषणाएं कर सकती है। सरकार न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर खर्च बढ़ाने की तैयारी में है बल्कि ऐसी योजनाओं का ऐलान कर सकती है, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होंगे। वित्त मंत्री के बजट भाषण में पीएम मोदी की गारंटी का जिक्र भी प्रमुखता से किया जाएगा। पीएम मोदी ने कई बार अपने भाषणों में देश के विकास की गारंटी दी है।

1. **Hemant Soren Arrest: ईडी द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत सोरेन, कल होगी सुनवाई**
2. **Gyanvapi: ज्ञानवापी में व्यासजी के तहखाने में पूजा के अधिकार पर भड़के औवेसी, कहा- ये फैसला गलत**
3. **Paytm: पेटीएम के शेयरों में 20 प्रतिशत की गिरावट, आरबीआई के आदेश के बाद दिखा असर**
4. **Israel: इस्राइल का दावा- संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी की बोरियों में मिले हथियार, PIJ के ठिकानों पर कार्रवाई**

# पेमेंट पर सख्ती के बाद वित्त विभाग दे रहा परमिशन

## जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास और संस्कृति विभाग का 138 करोड़ बढ़ा फंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । वित्त विभाग ने प्रदेश के जिन विभागों को तीन माह के लिए शून्य बजट दिया था उनमें से एक नगरीय विकास और आवास विभाग को जनवरी में 330 करोड़ का भुगतान करने की अनुमति देने के बाद अब कुछ विभागों के फंड में वृद्धि की गई है। जिन विभागों के लिए जनवरी माह में खर्च के लिए जारी बजट में बढ़ोतरी की गई है उसमें जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास और संस्कृति विभाग शामिल हैं। वित्त विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अब यह भी तय माना जा रहा है कि फरवरी व मार्च में भी इन विभागों को योजनाओं पर खर्च के लिए राशि बढ़ाकर जारी की जा सकती है।



फाइनेंस डिपार्टमेंट द्वारा जिन विभागों को पिछले दो दिन में करीब 138 करोड़ रुपए जनवरी में और अधिक खर्च करने के लिए परमिशन के तौर पर मंजूर किए गए हैं उसमें जल संसाधन विभाग के लिए 518 करोड़, नर्मदा घाटी विकास विभाग के लिए 295 करोड़ और संस्कृति विभाग के लिए 50 करोड़ की राशि शामिल है। दस दिन पहले जारी आदेश में जल संसाधन विभाग को 418 करोड़, नर्मदा घाटी विकास विभाग को 269 करोड़ और संस्कृति विभाग को 38 करोड़ रुपए जनवरी में भुगतान के रूप में खर्च करने की अनुमति दी गई थी। इस तरह जल संसाधन को 100 करोड़, नर्मदा घाटी विकास को 26 करोड़ और संस्कृति विभाग को 12 करोड़ रुपए और भुगतान के रूप में खर्च करने की अनुमति दी गई है।

### →विजयवर्गीय की आपत्ति के बाद जारी हुए थे 330 करोड़

उधर वित्त विभाग की रोक के बाद नगरीय विकास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 24 जनवरी को वित्त विभाग के अफसरों की बैठक बुला ली थी जिसके बाद वित्त विभाग ने उसी दिन नगरीय विकास के लिए 330 करोड़ रुपए जारी कर जनवरी में खर्च करने की अनुमति दी थी। वित्त की कटौती वाले विभागों में नगरीय विकास विभाग भी शामिल था। इसके पहले वित्त विभाग द्वारा 20 जनवरी को जारी आदेश में 20 विभागों के लिए जनवरी, फरवरी, मार्च में बजट राशि तय की गई थी और इसमें से कई विभागों के लिए तीन माह में जीरो बजट का प्रावधान किया गया था।

## शासकीय स्कूल को सुविधा संपन्न बनाने के लिए अनूठी पहल

# सदस्यों के सहयोग से स्कूल को बनाया सुविधा संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कोष एवं लेखा अधिकारी/ कर्मचारी सहकारी साख संस्था मर्यादित इंदौर, द्वारा अपने 30 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 11 नंदानगर इंदौर को गोद लेते हुए विद्यालय की आधारभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करने का जिम्मा विगत अक्टूबर माह 2023 की बैठक में लिया गया था।**

संस्था के सदस्यों द्वारा बढ़-चढ़कर व्यक्तिगत सहयोग के द्वारा स्कूल प्रबंधन के माध्यम से पेयजल की स्थाई व्यवस्था, कक्षा में नए ब्लैक बोर्ड, घड़ी एवं ठंड से बचाव हेतु खिड़की पर पर्दे आदि कार्य करवाए गए। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यों हेतु बच्चों को सरस्वती माता की बड़ी फोटो, चेयर्स, म्यूजिक सिस्टम, सजावट की सामग्री आदि उपलब्ध कराई गई एवं बच्चों के आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटी हेतु विभिन्न खेल सामग्रियां उच्च गुणवत्ता की उपलब्ध कराई गई। संस्था ने सामाजिक दायित्व पूर्ण करने के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन वित सेवा की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती सुरेन्द्र कौर बग्गा मैडम के करकमलों से किया गया।



उन्होने संस्था के बच्चों के द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों व संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की एवं पुस्तकों का संग्रह स्कूल हेतु उपलब्ध कराया गया। बच्चों के द्वारा इस अवसर पर नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। संस्था के अध्यक्ष अखिल कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में प्रतिवर्ष इसी प्रकार सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रयास को जारी रखने व सहयोग हेतु संस्था के सदस्यों व स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर वित्त सेवा की अधिकारी श्रीमती रितिका पाटीदार के वर्ष 2019 में एमपीएससी परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर पद हेतु चयन होने पर स्वागत श्रीफल व उपहार देकर किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती भावना ठाकुर मैडम ने संस्था के प्रयासों और सहयोग हेतु संस्था का विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन के साथ संस्था के वरिष्ठ सदस्य के.सी. पटेरिया, भरत कुमार, के.डी. बैरागी, मनीषा मिश्रा, विशाखा तुलापुरकर एवं संस्था की कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित हुए। मंच का संचालन शिक्षाविद तथा रस्म संस्था के अध्यक्ष भगवती पंडित द्वारा किया गया।

## पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में वरदान साबित होगी : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल- ईआरसीपी लिंक परियोजना प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में वरदान साबित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज मंत्रालय भोपाल में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मुलाकात कर इस त्रिपक्षीय परियोजना के एमओयू पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के हस्ताक्षर होने पर आभार व्यक्त किया।**

मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच रविवार को श्रमशक्ति भवन स्थित जल शक्ति मंत्रालय के कार्यालय में संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में सचिव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय श्रीमती देबाश्री मुखर्जी, मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा और राजस्थान शासन के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन अभय कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लगभग दो दशकों से लंबित पार्बती-कालीसिंध-चंबल परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को लाभ पहुंचेगा। प्रदेश के ड्राइ बेल्ट वाले जिलों जैसे मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिंड और श्योपुर में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और औद्योगिक बेल्ट वाले जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास और राजगढ़ के औद्योगीकरण को और बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश के मालवा और चंबल अंचल में लगभग तीन लाख हेक्टेयर का सिंचाई रकबा बढ़ेगा।

## मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने किया तीसरे प्रो-बोनो क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा लगातार तीसरे प्रो-बोनो क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायिक सेवा परीक्षाओं की कठोर चुनौतियों का सामना करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य वंचित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए प्रो-बोनो प्रशिक्षण सत्र शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। 30 जनवरी, 2024 को न्यायमूर्ति रवि मलिमथ, मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक-प्रमुख, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर ने एमपी की मुख्य लिखित परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में संबोधित किया और कहा कि कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण और समान अवसर देना हमारा संवैधानिक लक्ष्य है और जब अपने संवैधानिक प्रदर्शन की बात आती है तो मध्यप्रदेश हमेशा अग्रणी रहा है। अधिवक्ताओं के लिए नियमित क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने का यह मध्यप्रदेश राज्य का ऐतिहासिक क्षण है।

इस प्रकार के कार्यक्रम से न केवल अधिवक्ताओं को लाभ होगा बल्कि संस्थानों को भी लाभ होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमें अच्छे और योग्य उम्मीदवार और न्यायपालिका में शामिल होने के लिए उचित रूप से प्रशिक्षित उम्मीदवार मिले। यदि आपके पास अच्छा जज है तो आपको अच्छा जजमेंट मिलेगा।

मध्य प्रदेश राज्य में चल रही चयन प्रक्रिया को देखते हुए हम अधिकांश सीटें भरने में असमर्थ हैं क्योंकि वे विशेष रूप से इन श्रेणियों में खाली हैं। इसे एक चुनौती के रूप में लेते हुए हम समाज के इस पिछड़े वर्ग की मदद के लिए ईमानदारी से प्रयास करें, तभी हम उनके प्रति संवैधानिक दायित्व को पूरा कर पाएंगे।

हम उन सभी लोगों की मदद के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं जो न्यायपालिका में शामिल होना चाहते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन उम्मीदवारों के साथ-साथ संस्थान की मदद के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री शील नागू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम एमपीएसजेए और एमपीएसएलएसए द्वारा शुरू किया गया तीसरे प्रकार का कार्यक्रम है, जो अनुसूचित जाति/जनजाति, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर उम्मीदवारों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर न्यायमूर्ति श्री विवेक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व में 24 अगस्त 2023 को भी क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें अधिवक्तागण जो विशेष रूप से एससी/एसटी, अल्पसंख्यकों, महिला, ईडब्ल्यूएस एवं अन्य श्रेणी में आते हैं उनके लिए 50 सत्र आयोजित किए गए थे।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# आईआईएम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम की पहली बैच पूरी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आईआईएम इंदौर ने मैनेजमेंट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एग्जीक्यूटिव एजुकेशन डिप्लोमा प्रोग्राम की पेशकश की है। इसका पहला बैच (एग्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - बैच 01) का समापन 30 जनवरी को हुआ। इस अवसर पर आईआईएम इंदौर के निदेशक,



प्रो. हिमांशु राय ने सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए। समापन कार्यक्रम के दौरान चेयर – एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रो. सुबीन सुधीर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. प्रीतम रंजन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुल 24 प्रतिभागियों को अपना डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। प्रो. राय ने कहा कि 2047 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत विशेष रूप से हेल्थकेयर सेक्टर में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अग्रणी होने वाला है। एआई की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने नौकरी से विस्थापन की आशंकाओं को नकारते हुए कहा कि एआई नौकरी नहीं छीनेगा, बल्कि एआई के ज्ञान से लैस लोग उन लोगों को पीछे छोड़ देंगे जिनके पास इसकी कमी है। उन्होंने बैच को अंग्रेजी के शब्द OCEAN के माध्यम से उन पांच क्षमताओं पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा जो उनके करियर में सफल बनने में सहायक होंगी। ओ फॉर ओपननेस टू लर्निंग – अर्थात नई चीजों को सीखने के लिए प्रेरित किया। सी फॉर conscientiousness अर्थात कर्तव्य निष्ठा का पालन करने और ई फॉर एक्सीलेंस अर्थात जो भी कार्य करें वह उत्कृष्टता से करें, ऐसी प्रेरणा दी। उन्होंने ए फॉर एकाउंटेबिलिटी यानि अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार बनना और वंचितों के उत्थान के लिए विशेषाधिकार का लाभ उठाकर जवाबदेह होने की सलाह दी। एन फॉर नेवर गिव अप के माध्यम से उन्होंने प्रतिभागियों को कभी हार न मानने, असफलता से सीखने और अपने कार्यों में करुणा को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'अपने जीवन में लचीलापन और दृढ़ संकल्प बनाए रखें, क्योंकि असफलताएं अपरिहार्य हैं, लेकिन इनसे किसी की सफलता की राह में कभी बाधा नहीं आनी चाहिए'।

# अवैध पिस्तौल के केस में महू कोर्ट ने किया दो को बरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू।** 2017 में इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने अवैध पिस्तौल- कारतूस के मामले में छापेमारी की थी और उसके बाद महू थाने को आरोपी रामपाल पिता लक्ष्मीनारायण, निवासी आशापुरा को सुपुर्द कर दिया था। महू पुलिस द्वारा बनाये गए मुकदमे में आरोपी रामपाल के बयानों के आधार पर महू के ऋषि गार्डन निवासी हेमंत उर्फ़ बंटी पिता फूल सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। बंटी पर यह आरोप था कि उसने ही उक्त अवैध हथियार और कारतूस रामपाल को बेचा था। यह मामला महू में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायलय में चला जिसमे न्यायाधीश श्री आर.एस. दोहरे ने 27 जनवरी को फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को बरी कर दिया है। न्यायालय ने पुलिस व अभियोजन पक्ष की किसी भी दलील को नहीं मानते हुए दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। आरोपियों के ओर से अधिवक्ता चेतन शर्मा ने पैरवी की। सूत्रों के अनुसार रामपाल की गिरफ़्तारी इंदौर क्राइम ब्रांच के विजय चौहान, ओम तिवारी, आदर्श दीक्षित, अनुज सोलंकी और बघेल की टीम ने की थी और उसके बाद उसे महू थाने के प्रधान आरक्षक रमेश पिंगले को सुपुर्द कर दिया था।



# युवक को डंडों से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हिस्ट्रीशीटर बदमाश और साथियों ने युवक का अपहरण कर लिया और मैदान में ले जाकर डंडो से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चंदन नगर पुलिस ने बताया कि घायल का नाम प्रमोद उर्फ प्रद्युमन पिता पप्पू साहू निवासी कुशवाह नगर है। उसकी रिपोर्ट परपर आरोपी रईस उर्फ बाका पिता मो. शकूर निवासी सहयोग नगर, आसिफ पिता मो.रईस उर्फ बाका और बाबू पिता मो.रईस उर्फ बाका के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। फरियादी ने बताया कि मैं अपना लोडिंग वाहन पार्क करने जा रहा था तभी रास्ते में आरोपी रईस उर्फ बाका और उसके पुत्रों व साथियों ने रोक लिया। मारपीट की और मेरा अपहरण कर पास के खाली मैदान में ले जाकर लात घूसों और डंडों से पीटा। हमले के बाद आरोपी भाग गए। इस घटना में हंगामे की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने बाद में स्थिति संभाली

# स्कूलों में घुसे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में चोरों ने दो स्कूलों में वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस के मुताबिक पहली वारदात फरियादी आकाश पटले के लार्ड शिवा एकेडमी स्कूल कुशवाह नगर में हुई। चोर दो क पयूटर सीपीयू,डीवीआर, मोबाइल और 54 हजार रूपए चुरा ले गए। कैमरे टूटे थे। दूसरी वारदात योगेश राय के स्टेपिंग स्टोन किड्स एकेडमी न्यू जगदीश नगर में हुई। चोर रूपए और अन्य सामान चुरा ले गए।

# नर्स ने चुराया था मंगलसूत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** निजी अस्पताल में कार्यरत एक नर्स को पुलिस ने पकड़ा जिसने अस्पताल में भर्ती एक महिला का मंगलसूत्र चुरा लिया था। पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो वह गिड़गिड़ाने लगी जानकारी के अनुसार लक्ष्मीबाई निवासी सेंधवा भंवरकुंआ क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती थी जिसका मंगलसूत्र चोरी हो गया था। इसकी शिकायत संबंधित महिला मरीज ने पुलिस को की थी। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों में आए फुटेज में अस्पताल की ही एक नर्स मंगलसूत्र चुराते दिखी थी। थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि नर्स निर्मला पति विजय सोलंकी निवासी हवा बंगला श्रीराम नगर को गिरफ्तार कर उससे चुराया गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है ताकि ऐसी और भी घटनाओं का खुलासा हो सके। बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व ही उक्त नर्स यहां नौकरी पर लगी थी।

# पत्नी को चाकू मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चरित्र शंका में पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। बुद्धनगर में रहने वाली वैशाली इंगले ने पुलिस को बताया कि उसका पति अंकुश इंगले आए दिन उसके चरित्र पर शक करते हुए उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देता है इस पर आरोपी ने पीडिता के चरित्र को लेकर अनाप शनाप कहना शुरू कर दिया। विरोध करने पर पति ने पहले उसे जमकर पीटा और फिर घर में रखे चाकू से वार कर घायल करते हुए धमकाया कि आगे से उसके सामने कुछ बोली तो उसे जान से खत्म कर दूंगा।

## 21 दिसंबर 2023 को हुआ था साइबर अटैक

# अभी तक दूर नहीं हुई नगर निगम के ई-पालिका पोर्टल की गड़बड़ी

ई-पोर्टल पर 21 दिसंबर 2023 को हुए साइबर हमले के बाद से इंदौर नगर निगम सहित प्रदेश के नगर निगमों की आनलाइन सेवाएं पूरी तरह से ठप हैं। नगरीय निकायों के राजस्व संग्रहण में भारी कमी देखने को मिल रही है। आमजन भी परेशान हो रहे हैं। वे बकाया शुल्क जमा कराने के लिए निगम मुख्यालयों पहुंच रहे हैं, लेकिन पोर्टल बंद होने से उनका पैसा जमा नहीं हो पा रहा। वित्त वर्ष समाप्त होने में दो माह बचे हैं। ऐसी स्थिति में नगरीय निकायों के सामने संकट खड़ा हो गया है।

**इंदौर।** पोर्टल जल्द ही शुरू नहीं हुआ तो आर्थिक संकट से गुजर रहे नगरीय निकायों के सामने स्थिति गंभीर हो जाएगी। इधर, साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि इस तरह की गड़बड़ी सामान्यत- 10 से 15 दिन में सुधार ली जाती है। आशंका इस बात की भी है कि संभवत- हैकर ने ई-पोर्टल को हैक कर लाक कर दिया हो। स्थिति सुधरने में कितना समय लगेगा, यह करना मुश्किल है।



### ऑफलाइन जमा करने की व्यवस्था

*पोर्टल बंद होने की वजह से हमने निगम के सभी जोन और मुख्यालय पर ऑफलाइन कर जमा करने की व्यवस्था की है। बावजूद इसके कर जमा करने वालों की संख्या नहीं बढ़ रही है। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।*

*-अभिलाष मिश्रा, नगर निगम अपर आयुक्त*

### आठ से दस दिन में ठीकहोता है दिक्कत

*पोर्टल की इस तरह की समस्या में सामान्यत : आठ से दस दिन में स्थिति नियंत्रित हो जाती है। अब तक क्यों नहीं हुई, यह तो नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी ही बता सकते हैं।*

*-चातक वाजपेई, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ*

### बंद पोर्टल का सीधा असर राजस्व पर

नगर निगम का पोर्टल बंद होने से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। संपत्ति कर, जल कर जमा करने में दिक्कत आ रही है। भवन अनुमति शाखा का कामकाज भी ठप है। नगर निगम में संपत्ति कर और जल कर जमा करने के लिए आफलाइन व्यवस्था तो कर दी है, लेकिन आमजन का इन पर भरोसा नहीं होने की वजह से वे बगैर कर जमा कराए ही लौट रहे हैं। ई-पालिका पोर्टल बंद होने का सीधा असर नगरीय निकायों के राजस्व संग्रहण पर पड़ रहा है। इंदौर नगर निगम प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम है। दिसंबर 2023 में 100 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन ई-पोर्टल का काम बंद होने से सिर्फ 66 करोड़ की कर वसूली हो सकी। जनवरी में तो हालत और बिगड़ गए। अब तक लक्ष्य से सिर्फ 30 प्रतिशत ही वसूली हो सकी है।

## अयोध्या की तर्ज पर बने श्रीराम मंदिर में

# अभिजित मुहूर्त में ध्यान और प्रसन्नमुद्रा में विराजे श्यामवर्ण रामलला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अयोध्या की तर्ज पर दिव्य और अलौकिक स्वरूप में बने 350 वर्ष प्राचीन श्री राम मंदिर खातीपुरा में बुधवार को माघ कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि पर अभिजित मुहूर्त में ध्यान और प्रसन्नमुद्रा में श्यामवर्ण के रामजी विराजे, अद्भुत, अविस्मरणीय पल के हजारों संत और भक्त साक्षी बने। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा सुबह 11:15 बजे से 12 बजे के बीच अभिजीत मुहूर्त में हुई। महाआरती हुई, मंदिर का लोकार्पण किया, अयोध्या की तर्ज पर उत्सव मना, भगवान श्री सीता सर्वेश्वर के नयनाभिराम, अलौकिक दर्शन को हजारों भक्त उमड़े।



महामंडलेश्वर श्री रामगोपालदास महाराज ने बताया कि 350 वर्ष प्राचीन खातीपुरा श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन बुधवार को सुबह मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम-सीता और लक्ष्मणजी की नई मूर्तियां मलूकपीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर श्री किशोरजू महाराज सहित देशभर के साधु संतों के सानिध्य में आचार्य पंडितों के वेद मंत्रों के बीच प्राण प्रतिष्ठा कर विराजित की गई। वृंदावन के आचार्य श्री विष्णुकांत शास्त्री महाराज के आचार्यत्व में प्राण प्रतिष्ठा हुई। सयोजक विधायक रमेश मेंदोला, मुख्य यजमान शशि अशोक बिदासरिया, पार्थ बिदासरिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। सहस्त्रधारा से विधि विधान से भगवान का अभिषेक किया गया। उसके बाद भगवान का नामकरण किया गया जिसमें अभिजीत मुहूर्त में नक्षत्र के अनुसार स अक्षर आया, उसमे मलूकपीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने भगवान का नाम श्री सीता सर्वेश्वर भगवान रखा गया। खातीपुरा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन बुधवार को कथा में श्रीमद् जगदुरु द्वाराचार्य मलुकपीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। कथा में महामंडलेश्वर श्री किशोरदेवजु महाराज, महामंडलेश्वर श्री शुद्धानंद महाराज, गंगादास महाराज, दीनबंधुदास महाराज, मदनमोहनदास महाराज, अनुरागदास महाराज, नित्यानंददास महाराज, रामनानंद दास महाराज शिवरामदास महाराज, राघवेंद्रदास महाराज, रामगोपालदास महाराज, केदारनाथ महाराज, जानकीवल्लभ दास महाराज, रसराज महाराज, अर्जुनदास महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु संत मोजूद थे। व्यासपीठ का पूजन अर्चन मुख्य यजमान अशोक बिदासरिया, पवन सिंघानिया, विधायक रमेश मेंदोला ने किया।

# मप्र में फरवरी महीने में बादल, ठंड-गर्मी का ट्रेंड

## इस बार भी ऐसा ही मौसम, 6 फरवरी के बाद तेज ठंड का हल्का दौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में फरवरी महीने में बादल, ठंड और गर्मी का ट्रेंड रहता है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 3 फरवरी से उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। यह स्ट्रॉन्ग बताया जा रहा है। बादल ज्यादा नीचे रहे, तो बूंदाबांदी भी हो सकती है।**

सिस्टम गुजरने के बाद 6 फरवरी से तेज ठंड का हल्का दौर फिर से आ सकता है। इधर, कड़ाके की ठंड से राहत मिलने के बाद भोपाल में स्कूलों का समय फिर से



बदल दिया गया है। नए सिस्टम से पहले एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी है। मध्यप्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। बुधवार को भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में बादल छाए रहे। इस कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई।

मौसम वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया कि प्रदेश में अभी पश्चिमी विक्षोभ का असर है। हालांकि, बारिश की संभावना नहीं है। 3 फरवरी को एक और पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके गुजरने के बाद रात के तापमान में मामूली गिरावट होगी, जो सामान्य के नजदीक पहुंच सकते हैं। इससे हल्की तेज ठंड देखने को मिलेगी।

### भोपाल में स्कूलों की नई टाइमिंग

भोपाल में सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूल में पहली से 5वीं क्लास तक की कक्षाएं सुबह 9.30 बजे से लगेंगी। बाकी स्कूल निर्धारित समय पर संचालित होंगे। डीईओ एके त्रिपाठी ने बताया कि ठंड का असर कम होने से समय में बदलाव किया गया है। छठीं से 12वीं तक की कक्षाएं स्कूल पूर्व के निर्धारित समय के अनुसार लगा सकेंगी। गुरुवार से ही नए समय पर स्कूल लगेंगे।

## 'मां को दूसरे के साथ देखा, तो खून खौल उठा'

→नाबालिग बोला- लोग ताने मारते थे, तय कर लिया इसे खत्म कर देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा।** रीवा के बैकुंठपुर के कसिहाई गांव के क्योटी नहर में 27 जनवरी की सुबह 9 बजे एक युवक का शव मिला। उसकी पहचान गांव के ही 22 साल के उपेंद्र पटेल के रूप में हुई। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। शव पर चोट के निशान देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने शव रखकर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कदैला मोड़ पर जाम लगाया। पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आरोपी को पकड़ने के आश्वासन के बाद शाम 4 बजे मामला शांत हुआ। परिजन ने उपेंद्र की हत्या की आशंका जताई। उनका कहना था कि लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या की गई है, उसके बाद साक्ष्य छुपाने के लिए शव को नहर में फेंक दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई। पुलिस ने गांव के आसपास के मुखबिरों को एक्टिव किया। शुरुआती पूछताछ के बाद कड़ियां जुड़ती गईं। तीन दिन में ही पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया। दरअसल, उपेंद्र पटेल की हत्या अवैध संबंधों की वजह से हुई थी। पुलिस ने उपेंद्र की प्रेमिका के नाबालिग बेटे को गिरफ्तार किया है।

## आयुष्मान के आड़े आ रही तकनीकी खामियां करीब 1 लाख 36 हजार कार्ड बनने बाकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। गरीब लोगों को भी बेहतर उपचार मिल सके, वह भी अच्छे अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का उपचार करा सकें, इसके लिए केन्द्र सरकार आयुष्मान भारत योजना संचालित कर रही है। योजना के तहत गरीब तबके को इसका लाभ भी मिल रहा है। लेकिन कई परिवार आज भी योजना से वंचित हैं, जिन्हें मजबूरन महंगे दाम खर्च कर उपचार कराना पड़ता है।**

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान योजना में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान आपके द्वारा अभियान शुरू किया गया था, जिसमें जरूरत मंद परिवारों को चिन्हित भी किया जा रहा है, इसके बावजूद भी कई पात्र परिवार योजना के लाभ से दूर नजर आ रहे हैं। तकनीकी खामियों के कारणों से कई परिवारों के आयुष्मान नहीं बन पा रहे हैं।



विभागीय आंकड़ों की माने तो आयुष्मान भारत योजना में जिले भर में 8 लाख 95 हजार 836 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं, लेकिन जिले में अभी तक 7 लाख 59 हजार 454 कार्ड ही बन पाए हैं करीब 1 लाख 36 हजार लोग अभी भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं। जिले में आयुष्मान आपके द्वार अभियान के तहत बीते 4 माह में करीब 50 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, 84 प्रतिशत कार्ड बनाने का काम पूरा हो गया है।

### तकनीकी बाधाएं बनी परेशानी

योजना को लेकर नोडल अधिकारी क्षमा बर्बे ने बताया कि तकनीकी खामियों के चलते कई परिवारों के कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, बीते पांच माह में 57 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, गांव शहर वार्डों में कैंप लगाकर कार्ड बनाने का काम चल रहा है।

आंगनबाड़ियों में भी कैंप लगाए गए थे, नगर पालिका, गांव सचिव और आशा कार्यकर्ता यह कार्य कर रहे हैं। लेकिन समग्र आईडी और आधार कार्ड से लिंक न होने के कारण से हितग्राही का डाटा आपस में मिलान न होने के कारण से परेशानी हो रही है।

## स्ट्रीट डॉग्स को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री की मीटिंग

### निगम अफसरों के साथ उमा भारती करेंगी मंथन; CM को लिख चुकीं लेटर

भोपाल । राजधानी में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक है। कुत्तों के काटने से 13 दिन में दो बच्चों की मौत भी हो चुकी है। वहीं, 20 दिन में 500 से अधिक लोग कुत्तों का शिकार हो चुके हैं। आवारा कुत्तों के काटने के बढ़ते मामलों को लेकर एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सीएम डॉ. मोहन यादव को लेटर भी लिखा था। इसके बाद वे गुरुवार को नगर निगम के अफसरों के साथ मीटिंग करेंगी।

सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, इस संबंध में भोपाल नगर निगम के अधिकारियों के साथ मैं बैठूंगी। इस विकराल समस्या का व्यावहारिक समाधान निकालने का प्रयास होगा।

**जिला प्रशासन के अफसर भी साथ में रहेंगे-** मीटिंग में जिला प्रशासन से एडीएम स्तर



के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बैठक में जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी शामिल होंगे।

**सीएम डॉ. यादव को उमा ने लिखा था लेटर-** भोपाल में स्ट्रीट डॉग्स के हमलों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने CM डॉ. मोहन यादव को बुधवार को लेटर लिखा था। इसमें उन्होंने पुरानी घटनाओं का जिक्र भी किया था। बता दें कि कुत्तों के काटने से 10 जनवरी को मिनाल रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित पार्क के पास 7 महीने के मासूम केशव और 23 जनवरी की रात में 4 साल के सुलेमान की मौत हो गई थी

## टीचर ने लेडी IAS को फंसाने दी 50 हजार रिश्वत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छतरपुर। शादी के समय कन्यादान से इनकार करने वाली आईएएस तपस्या परिहार एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वे छतरपुर जिला पंचायत सीईओ हैं। इस बार उन्होंने 50 हजार की रिश्वत देने पहुंचे एक निलंबित शिक्षक को जेल भिजवाया है। शिक्षक का नाम विशाल अस्थाना है। उसे विधानसभा में ड्यूटी से गैर हाजिर होने पर निलंबित किया गया था। पिछले कई दिनों से वह बहाली की कोशिश कर रहा था। इस बार आरोपी शिक्षक बहाली के लिए 50 हजार रिश्वत की रकम को एक लिफाफे में रखकर सीधे उनके दफ्तर पहुंचा था।

## ग्वालियर के युवक ने भिंड में आत्महत्या की

### शव के पास से कट्टा गायब, जेब में मिला मिस कारतूस, सुसाइड नोट में प्रेम प्रसंग का जिक्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड के रौन थाना अंतर्गत निवसाई गांव में सिंध नदी के बीहड़ के पास युवक शव मिला है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक ने गोली मारकर सुसाइड किया है। हालांकि, उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। उसकी जेब से एक मिस कारतूस बरामद हुआ है। सुसाइड नोट भी मिला है।**

मृतक ग्वालियर के मुरार क्षेत्र का रहने वाला है। रौन थाना प्रभारी ओपी मिश्रा के मुताबिक मुरार के मीरा नगर के शिवहरे कॉलोनी गली नंबर 1 में रहने वाले अमन समाधिया पुत्र प्रमोद समाधिया की बॉडी मिली है। मृतक के दाएं ओर कनपटी में गोली लगी हुई है। उसकी जेब से एक मिस कारतूस भी बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जेब में रखे आधारकार्ड से हुई।

### ग्रामीण कट्टा चुरा ले गए

पुलिस का मानना है कि बॉडी के पास से कट्टा कोई उठा ले गया है। पुलिस कट्टे की तलाश करवा रही है। पुलिस को मृतक की जेब से दो पेज सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस इस मामले में पड़ताल में जुटी हुई है कि आखिर यह युवक यहां क्यों आया था?

### सुसाइड नोट दो पेज का मिला

जानकारी के मुताबिक सुसाइड नोट में प्रेम प्रसंग की बात भी मृतक द्वारा लिखी गई है। युवक ने सुसाइड नोट में लिखा है कि माता-पिता मुझे प्रेम नहीं करते हैं। बहन को ज्यादा चाहते है। कई बातें परिवार व रिश्तेदारों से जुड़ी हुई है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है।

Uttarpradesh

# शंखनाद और गूंजी घंटियों की आवाज, ज्ञानवापी में 31 साल बाद पूजा, मंगला गौरी की हुई आराधना

**वाराणसी, (एजेंसी)** ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में गुरुवार तड़के पूजा की गई। मस्जिद में बने व्यास जी के तहखाने में विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओम प्रकाश मिश्र और गणेश्वर द्रविड़ ने ब्रह्म बेला में पूजा करवाई। विधि विधान से मंगला गौरी की आराधना की गई। 31 साल बाद ज्ञानवापी परिसर में पूजा दोबारा शुरू की गई है। नवंबर 1993 में में वहां पूजा रोककर बैरिकेडिंग की गई थी। वाराणसी कोर्ट ने बुधवार को व्यास तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति दी थी। इसी के बाद रात में ही इंतजाम कर बैरिकेडिंग हटाई गई और पूजा की व्यवस्था की गई।

कमिश्नर कौशलराज शर्मा, पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन और डीएम एस. राजलिंगम समेत आला प्रशासनिक व पुलिस अफसर रात 11.30 बजे ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। वहां सभी ने दक्षिणी तहखाना में पूजा के संबंध में जिला जज के आदेश के बाद सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। रात 12.30 बजे के आसपास तहखाना के सामने लगी लोहे की बैरिकेडिंग हटवा ली गई। वहां साफ सफाई के बाद पूजा कराई गई। रात करीब 1.30 बजे परिसर से बाहर निकले तहखाना के रिसीवर/डीएम एस.राजलिंगम ने मीडिया से कहा कि हमने कोर्ट के आदेश का अनुपालन करा दिया है। ज्ञानवापी में दक्षिणी तहखाने में प्रवेश के लिए बैरिकेडिंग में रास्ता बनाया गया। इसके बाद सुबह करीब 3 बजे तहखाने में मूर्तियों की पूजा और आरती की गई। वहीं, विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र समेत पूरे जिले में हाई अलर्ट कर दिया गया है।



New Delhi

## पहाड़ों पर बारिश के साथ बर्फबारी ने बढ़ाई ठंड...अभी चार दिन राहत नहीं



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश से श्रीनगर तक अच्छी बर्फबारी से जहां सैलानियों के चेहरे खिल गए हैं, वहीं स्थानीय लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर प्रदेश के मैदानी राज्यों में भी कभी धूप तो कभी कोहरे की आंखमिचौली के बीच बुधवार को मौसम का मिजाज बदल गया।

पहाड़ों पर बर्फ का सूखा खत्म हो गया है। हिमाचल प्रदेश से श्रीनगर तक अच्छी बर्फबारी से जहां सैलानियों के चेहरे खिल गए हैं, वहीं स्थानीय लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर प्रदेश के मैदानी राज्यों में भी कभी धूप तो कभी कोहरे की आंखमिचौली के बीच बुधवार को मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से रुक-रुककर हल्की और तेज बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है। शाम को नोएडा समेत एनसीआर में ठीकठाक बारिश दर्ज की गई। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में बारिश के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ है। इससे आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। हिमाचल प्रदेश में चार राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 130 सड़कें और बिजली के 395 ट्रांसफार्मर ठप हो गए। बर्फबारी में फंसे 300 सैलानियों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। पहाड़ी प्रदेशों में चार फरवरी तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड व दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे और बारिश का ऑरेंज अलर्ट और जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, प. बंगाल के गंगा किनारे वाले इलाकों, ओडिशा व पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश व घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

Jammu

## उत्तरी कश्मीर में बड़ा सड़क हादसा, उड़ी में खाई में गिरा वाहन, सात लोगों की मौत, आठ घायल, मची अफरा-तफरी

**श्रीनगर, (एजेंसी)** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उड़ी इलाके में बुधवार को एक वाहन हादसे का शिकार होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है और करीब आठ लोग घायल हो गए। हादसे की पता चलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। कड़ाके की ठंड और बर्फबारी से बनी फिसलन के बीच बचाव अभियान चलाया गया। इस दौरान अफरा-तफरी की स्थिति देखी गई। अस्पताल में चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार, उड़ी के बुजथलन ततमुल्ला क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। इससे कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के कारण सड़क भारी फिसलन हो गई है। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी बारामुला ले जाया गया है।

Bihar

## समस्तीपुर में मर्डर, बदमाशों ने दो लोगों को चाकू से गोदा, एक की मौत

**समस्तीपुर, (एजेंसी) बिहार के समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना इलाके में बुधवार रात को अपराधियों ने दो लोगों को चाकू से गोद दिया। इसमें से एक शख्स की मौत हो गई है, जबकि दूसरा गंभीर से घायल है। वारदात पिपरा-सपहा बिरौल मुख्य पथ स्थित पिपरा चौक के पास रात करीब 10 बजे हुई। घटना की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। मगर लोगों में चर्चा है कि जिस जगह घटना हुई है वहां जुआ और शराब का अवैध अड्डा चलता है। किसी बात को आपस मे लेकर विवाद में यह वारदात हुई हो। वहीं, कुछ लोग लूटपाट के दौरान चाकूबाजी होने की आशंका जता रहे हैं।**

मृतक की पीपरा गांव के रामकिशुन मुखिया के 25 वर्षीय पुत्र अमरजीत मुखिया के रूप में पहचान की गई है, जबकि जख्मी उसी गांव के सुलो मुखिया का पुत्र सज्जन मुखिया बताया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अमरजीत और सज्जन पीपरा पुल के निकट लिट्टी एवं चाउमीन की दुकान चलाते हैं। शाम में दुकान बंद करने के बाद दोनों प्रतिदिन शौच के लिए सपहा जाते थे। बुधवार रात भी दोनों उधर गए। देर रात सज्जन के कराहने की आवाज आसपास के लोगों ने सुनी। उसके बाद लोग वहां पहुंचे तो दोनों को जख्मी अवस्था में देख इलाज के लिए सिंघिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने अमरजीत को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सिंघिया थाने की पुलिस पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया।

खेल

# अश्विन की बादशाहत कायम, बुमराह को भी हुआ फायदा, बल्लेबाजों में शीर्ष-10 में सिर्फ एक भारतीय

**दुबई।** भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान मैच में छह विकेट चटकाने वाले अश्विन के 853 रेटिंग अंक हैं, जबकि आधा दर्जन विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बुमराह एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की शीर्ष-10 की रैंकिंग में भारत का सिर्फ एक खिलाड़ी है।



**जडेजा भी शीर्ष 10 में शामिल-** टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो में शीर्ष 10 में अश्विन और बुमराह के अलावा तीसरे भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा हैं। वह छठे स्थान पर काबिज हैं। जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, उन्हें इंग्लैंड के जो रूट से कड़ी चुनौती मिल सकती है जो हैदराबाद टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने के साथ ही चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। अगर इंग्लैंड का यह दिग्गज गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखता है तो जडेजा को इस सीरीज में ही पीछे छोड़ सकता है।

**रूट ऑलराउंडरों की सूची में टॉप-5 में-**रूट को मुख्य रूप से उनके बल्लेबाजी कौशल के लिए जाना जाता है, जबकि 33 साल के इस तेज गेंदबाज ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए पहला ओवर भी फेंका था। पांच विकेट ने रूट को टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में एक नई करियर-बेस्ट रेटिंग पर पहुंचा दिया है। रूट ऑलराउंडरों में अश्विन और शाकिब-अल-हसन से पीछे हैं, जबकि अक्षर पटेल एक पायदान गिरकर छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

**कोहली बल्लेबाजों में शीर्ष-10 में-**बल्लेबाजों में शीर्ष-10 में एकमात्र भारतीय विराट कोहली हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट से बाहर होने के बावजूद कोहली की रैंकिंग में एक स्थान का सुधार हुआ और वह छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, हैदराबाद में इंग्लैंड को मैच जिताने वाले ओली पोप 20 स्थान की छलांग के साथ 15वें स्थान पर पहुंच गए। पोप ने दूसरी पारी में 196 रन बनाकर भारत को हैरान कर दिया था।

**पोप को भी हुआ फायदा-** पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया और भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे के साथ 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए।

सिनेमा

## तिरुपति में धनुष ने शूट की फिल्म, लगा ट्रैफिक जाम, परेशान श्रद्धालुओं ने की शिकायत



साउथ के सुपरस्टार धनुष अपनी नई फिल्म को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। धनुष को पिछली बार 'कैप्टन मिलर' मूवी में देखा गया था। अब वो डायरेक्टर शेखर कम्मुला के साथ अपनी पहली तेलुगु फिल्म 'D51' की शूटिंग कर रहे हैं। मंगलवार को धनुष तिरुपति मंदिर में मूवी की शूटिंग करते नजर आए थे। इसकी वजह से मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को दिक्कत का सामना करना पड़ा। 'D51' फिल्म के शूट से सामने आई वीडियो में तिरुपति के बाहर उमड़ी भारी भीड़ को देखा जा सकता है। कुछ भगवान के दर्शन को आए थे तो वहीं कुछ धनुष को शूटिंग करते देखने के लिए जमा हुए थे। इसके चलते सड़क पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया था। अलिपिरी के हरे रामा हरे कृष्णा रोड पर लगे इस जाम ने लोगों को काफी मुश्किल में डाल दिया था। इस रोड से तिरुपति जाने वाले श्रद्धालुओं को डाइवर्ट किया जा रहा था। एक रोड से यात्री सफर कर पा रहे थे और दूसरी तरफ का रोड शूटिंग की वजह से बंद था। धनुष और फिल्म की शूटिंग देखने जमा हो रही भीड़ ने मुश्किलों में और इजाफा किया। ऐसे में कुछ श्रद्धालुओं की शिकायत के बाद पुलिस ने धनुष की फिल्म की शूटिंग को रुकवा दिया था।

# संपादकीय

## सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच तनातनी

अखिलेश की बातों से लग रहा है कि वह भी नीतीश कुमार और ममता बनर्जी की तरह इंडी गठबंधन से दूरी बनाने का फैसला कभी भी ले सकते हैं, लेकिन अखिलेश ने अभी तक इंडी गठबंधन के खिलाफ मुंह नहीं खोला है। अखिलेश यादव यह जरूर कह रहे हैं कि कांग्रेस को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। ममता बनर्जी को मनाएं और साथ में लें। साथ ही छोटे-छोटे दलों को भी साथ में रखें। नीतीश के इंडी गठबंधन से बाहर जाने से अखिलेश थोड़ा असहज जरूर हैं, लेकिन उनके पारिवारिक संबंध लालू के परिवार से होने के कारण वह (अखिलेश) नीतीश के साथ खड़ा नजर नहीं आना चाहते हैं। परंतु ममता बनर्जी का इंडी गठबंधन से दूरी बनाना अखिलेश को बिल्कुल भी रास नहीं आ रहा है। इसकी वजह ममता बनर्जी और अखिलेश के बीच अच्छी कैमिस्ट्री होना है। दरअसल, अखिलेश यादव कई बार इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर अपनी निराशा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने साफ कह दिया कि नीतीश की पहल पर ये गठबंधन बना था लेकिन कांग्रेस ने इसे लेकर कोई तत्परता नहीं दिखाई। अगर नीतीश इंडिया गठबंधन में रहते तो प्रधानमंत्री बन सकते थे। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन का जब ऐलान हुआ तो यूपी से राष्ट्रीय लोकदल के साथ समाजवादी पार्टी इसमें शामिल हुई थी, लेकिन समय बीतने के साथ कांग्रेस और अखिलेश यादव के रिश्ते बिगड़ते गए। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच तनातनी सब ने देखी थी। बात लोकसभा चुनाव की कि जाये तो चुनाव में अब तीन महीने का समय बचा है लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फार्मूला भी तय नहीं हो पा रहा है। दरअसल कांग्रेस चाहती है कि यूपी में 2009 के उसके प्रदर्शन के आधार पर उसे सीटें दी जाएं, जबकि अखिलेश इस पर राजी नहीं हैं। सपा की तरफ से पहले ही संदेश दिया जा चुका है कि यूपी में वह ही प्रमुख विपक्षी पार्टी है और जो भी सीटें दी जाएंगी, वह उसे अपने पास से ही देगी। दूसरी तरफ यूपी कांग्रेस का रुख भी समाजवादी पार्टी से अलग अपनी राह बनाने का दिख रहा है। वह सपा के कंधे पर रख कर बंदूक चलाना चाहती है। हाल यह है कि एक तरफ कांग्रेस में प्रदेश भर में यात्राएं कर जनाधार मजबूत करने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में सरयू स्नान के जरिये भी संदेश देने की कोशिश की गयी। वहीं सपा और कांग्रेस के बीच एक-दूसरे के लिए तल्ख बयानबाजी भी सामने आ रही है। पार्टी के नेताओं द्वारा कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाये जा रहे हैं, हालांकि अखिलेश यादव सीधे-सीधे कुछ भी कहने से बचते रहे हैं। कुल मिलाकर अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की ताजा स्थिति का लेकर कांग्रेस को ही कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल पर भी गठबंधन को बनाया गया था, लेकिन पहली बैठक में ही कांग्रेस ज्यादा तत्पर नहीं दिखी। हालांकि अखिलेश यादव ने ये भी साफ कर दिया है कि वह प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं हैं, लेकिन यूपी में कांग्रेस के राहुल गांधी के साथ वह प्रचार करेंगे या नहीं इस पर उन्होंने बात समय पर छोड़ दी है। बात यूपी में गठबंधन की सियासत की करते हुए पिछले कुछ वर्षों में लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि यूपी में बीजेपी के खिलाफ गठबंधन होता रहता है। कभी कांग्रेस-सपा हाथ मिलाते हैं तो कभी पुरानी दुश्मनी भूलकर माया-अखिलेश एक हो जाते हैं। बात आगामी लोकसभा चुनाव के लिए इंडी गठबंधन की कि जाये तो अखिलेश के कांग्रेस के साथ आने से कांग्रेस को ही फायदा होगा। वर्तमान में सिर्फ रायबरेली की ही सीट कांग्रेस के पास है। समाजवादी पार्टी से सीट शेयरिंग होती है तो कहीं न कहीं कांग्रेस को उसके वोट बैंक का लाभ मिलेगा। वहीं अगर गठबंधन नहीं होता है तो कांग्रेस के लिए राहें आसान नहीं हैं। जमीन पर संगठन की उपस्थिति न के बराबर है। कांग्रेस के पास नेताओं की भी कमी है।

### अर्ज़ किया है..!

*मेरी हर बात*
*बे-असर ही रही*
*नक़्स है कुछ*
*मिरे बयान में क्या*

*-जॉन एलिया*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**आदमी का भीतरी खालीपन केवल दो चीजो से भरा जा सकता है, प्रेम से और त्याग से।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# मौनी अमावस्या कब है, 9 या 10 फरवरी

## जानें सही डेट और शुभ मुहूर्त



मौनी अमावस्या माघ मास की अमावस्या को कहते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने और दान पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। मौनी अमावस्या को लेकर ऐसा कहा जाता है कि इस दिन गंगा में आस्था की डुबकी लगाने से जन्मों के पाप धुल जाते हैं। मौनी अमावस्या के दिन मौन रहकर ईश्वर की भक्ति में मन लगाते हैं। इसलिए इसे मौनी अमावस्या कहते हैं। मान्यता है कि इस दिन जप और तप करने वाले व्यक्ति को शनि के अशुभ प्रभाव से मुक्ति मिलती है और मन को शांति मिलती है। इस साल मौनी अमावस्या कब है, इसको लेकर लोगों के बीच में कन्फ्यूजन बना हुआ है। कुछ लोगों का कहना है कि मौनी अमावस्या 9 फरवरी को है तो कुछ का मत है कि मौनी अमावस्या 10 फरवरी को है। आइए जानते हैं सही डेट और शुभ मुहूर्त क्या है।

### →मौनी अमावस्या कब है

हिंदू पंचांग के अनुसार मौनी अमावस्या तिथि का आरंभ 9 फरवरी को सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर होगा और यह 10 फरवरी को सुबह 4 बजकर 28 मिनट तक रहेगी। इसलिए मौनी अमावस्या का स्नान और दान 9 फरवरी को होगा।

### →मौनी अमावस्या का महत्व

मौनी अमावस्या पर गंगा में स्नान करने का खास महत्व शास्त्रों में बताया गया है। इस दिन प्रयागराज में माघ मेले की सबसे बड़ा स्नान होता है। इस दिन मौन रहकर साधना करना सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस दिन साधु संत लोग मौन व्रत करते हैं। इस दिन गंगा में स्नान करने से आपके सभी पाप धुल जाते हैं और आपको कई गुना पुण्य मिलता है। इस दिन मंदिरों और धार्मिक स्थलों में हवन पूजन के कार्यक्रम किए जाते हैं।

### →प्रयागराज को लेकर यह है खास मान्यता

मौनी अमावस्या के विषय में प्रयाग में संगम नदी के स्नान को लेकर ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवता ओर पितर अदृश्य रूप से आकर नदी में स्नान करते हैं और उनके स्नान से जल पवित्र हो जाता है। ऐसी नदी में स्नान करने से आपको पुण्य की प्राप्ति होती है और पापों का अंत होता है। इस दिन गंगा में स्नान करने से आपके कई त्वचा संबंधी रोग दूर हो जाते हैं।

### →मौनी अमावस्या पर बने हैं ये शुभ योग

मौनी अमावस्या के दिन सबसे शुभ माना जाने वाला सर्वार्थ सिद्धि योग भी बना है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7 बजकर 5 मिनट से लेकर रात को 11 बजकर 29 मिनट पर समाप्त होगा। इस शुभ योग में मौनी अमावस्या का व्रत करने से आपको धन की प्राप्ति होती है और आपके पूर्वज प्रसन्न होकर आपको जीवन में सफल और संपन्न होने का आशीर्वाद देते हैं।

## Highlights

1. Will continue to work to safeguard pride of J'khand: Champai Soren
2. Tourists on ATV collide with camel on Alibaug beach, video goes viral
3. CM Himanta Biswa highlights key decisions after chairing meetings
4. How Hyderabad's 'kumari aunty's' food stall escaped shutdown
5. Pic shows President Murmu wishing FM Sitharaman good luck for Budget
6. Anuradha Paudwal's devotional melodies: Raga Seva at Ram Temple
7. SC fails to hear bail plea of Umar second time after "final" time

# Paytm Payments Bank: A look at previous RBI actions against Paytm subsidiary




**NEW DELHI, (Agency).** Paytm Payments Bank, a wholly-owned subsidiary of fintech major Paytm, has been barred by the Reserve Bank of India (RBI) from accepting deposits or top-ups in any customer account, prepaid instruments, wallets, and FASTags, and more, after February 29. The central bank's Wednesday directive is based on a system audit report and subsequent compliance validation report, conducted by external auditors.

However, this is not for the first time that Paytm Payments Bank, launched in November 2017, finds itself in trouble. Here is a look at its past troubles:

June 2018: The RBI, following an audit, instructed the Paytm subsidiary to stop onboarding new customers; the audit found issues with the payment firm's process to acquire new customers, and adherence to KYC (Know Your Customer) norms.

In January 2019, the RBI allowed the company to enroll new customers.

October 2021: On this occasion, the RBI slapped a ₹1 crore penalty on Paytm Payments Bank, observing that the latter, in its application seeking final Certificate of Authorisation, submitted information that did not reflect the 'factual position.'

March 2022: In March two years ago as well, Paytm Payments Bank was asked to stop onboarding of new customers with 'immediate effect.' Wednesday's action is a 'further supervisory action' from this 2022 move, and is due to 'persistent non-compliances' and 'continued material supervisory concerns' in the bank.

October 2023: Then, the Reserve Bank imposed a fine of ₹5.39 crore over non-compliance with its directions relating to licensing guidelines, enhancement of maximum balance at the end of the day, cyber security framework, and securing mobile banking applications, including UPI ecosystem.

# On budget day, prices of commercial LPG cylinder hiked



**NEW DELHI, (Agency).** Hours before Thursday's Union budget, oil marketing companies (OMCs) hiked the price of commercial LPG. Accordingly, the commercial LPG cylinder (19 kg) has become more expensive, while the cost of a domestic LPG cylinder (14.2 kg) remains unchanged.

On January 1, the commercial cylinder became dearer by ₹1.50, while the domestic one's rates have been constant since August 2023. OMCs review the prices on the first of every month: these may be increased or decreased, or left untouched.

Commercial LPG cylinder price in four metros

In Delhi, it is now priced at ₹1769.50, up from ₹1755.50, while Mumbai-based customers must pay ₹1723.50, up from ₹1708.50. In Kolkata, meanwhile, it now comes for ₹1887, and ₹1937 in Chennai, as against the earlier prices of ₹1869 and ₹1924.50, respectively.

# बस ने ली बाइक सवार को रौंदा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेघदूत गार्डन के सामने एक्सीडेंट होने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि दोनों बाइक सवार बापट चौराहे की तरफ से विजय नगर की ओर जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार अजंता बस ने टक्कर मारी तो बाइक सवार बस के पहिए के नीचे चला गया। हादसे के बाद व्यक्ति लगभग 45 मिनट तक सड़क पर ही तड़पता रहा। पुलिस और एम्बुलेंस अगर समय पर आ जाती तो संभवतः उसे बचाया जा सकता था।**

प्रारंभिक जानकारी में यह बात भी निकलकर सामने आई है कि मृतक का नाम अनिल (25) पिता भूजराम पटेल नगर का रहने वाला था। दोनों युवक मजदूरी का काम करते थे। उनके पास टिफिन भी थी। जो मृतक के पास में ही पड़ी थी। गस्त कर रहे एमआईजी थाना प्रभारी मनीष लोढ़ा मौके पर पहुंचे। इसके बाद मृत युवक और घायल को संजीवनी 108 से एमवाय अस्पताल भेजा गया। घटना बुधवार रात लगभग 12 बजे के आसपास की है।

इसी प्रकार खुड़ैल इलाके में हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गजराज पिता सुखराम निवासी उदयनगर देवास को खुडैल के पेडमी इलाके में अज्ञात वाहन ने बुधवार शाम टक्कर मारी थी। गंभीर हालत में गजराज को अस्पताल भेजा गया। यहां उसकी मौत हो गई है।

# मंडी जा रहे सब्जी व्यापारी को हमला कर लूटा

## →आरोपियों की तलाश के लिए फुटेज खंगाल रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में गुरूवार सुबह चोइथमराम मंडी जा रहे एक व्यापारी के साथ लूट की वारदात हो गई। बदमाशों ने उनकी बाइक को लात मारी। इसके बाद चाकू मारकर जेब में रखे रूपये लेकर फरार हो गए। घायल अवस्था में व्यापारी को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस सूचना के बाद आरोपियों की तलाश में जुट गई है।**

पुलिस के मुताबिक घटना प्रतीक्षा ढाबे के पास की है। यहां देवेन्द्र पुत्र कप्पू लोधी निवासी चौधरी पार्क मूसाखेड़ी अपनी बाइक से सुबह करीब साढ़े छह बजे चोइथराम मंडी जाने के लिए निकले। इस दौरान प्रतीक्षा ढाबे के यहां बाइक आए बदमाशों ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

देवेन्द्र जब नहीं रुके तो आरोपियों ने उनकी बाइक को लात मारी। सड़क पर गिरते ही आरोपियों ने उनसे रूपये निकालने की बात कही। विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया और 5 हजार रूपये लेकर फरार हो गए। सूचना के बाद सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। वारदात के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# मकान मालिक ने कुल्हाड़ी से किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। काका-भतीजे को बकरा पार्टी करना मंहगा पड़ गया। दोनों ने पहले तो बकरे को मारकर पार्टी मनाई। इसके बाद एक मकान में ले जाकर बकरे की खून से सनी मुंडी को टांग दी। खून के धब्बे देख मकान मालिक आग बबूला हो गया। वह कुल्हाड़ी उठाया और विकास के घर पहुंचा। यहां मकान मालिक ने पार्टी मनाने वाले विकास और उसकी मां पर कुल्हाड़ी से हमला करके फरार हो गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में केस दर्ज किया है।**

सिमरोल पुलिस ने बताया कि विकास (29) पिता रामचंद्र निवासी दातोदा ने बताया कि उसने अपने काका सूरज के साथ बकरा पार्टी की थी। इसके बाद बकरे की मुंडी को ओमप्रकाश मालवीय के घर की एक लकड़ी पर टांग दिया था। बाद में बकरे की मुंडी को भी बनाकर खा गए। लेकिन लकड़ी पर खून के दाग रह गए थे।

जब ओमप्रकाश ने लकड़ी पर लगे खून के धब्बे को देखा तो वह नाराज हो गया। उसने कुल्हाड़ी उठाई और विकास के घर पहुंच गया। विकास सहित मां लीलाबाई पर हमला कर दिया। महिला के सिर और पीठ में गंभीर चोट आई है। उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने ओमप्रकाश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी फरार

**इंदौर।** समीपस्थ औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर कालोनी की में नाबालिक लडकी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया की नाबालिक एवं उसकी मां ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नाबालिक की मां ने बताया कि उनके मकान ही रहने वाले युवक ने बीती रात बेटी से दुष्कर्म किया। लडकी शौच के लिए कमरे से बाहर निकली थी तभी युवक ने बेटी का मुंह दबाकर अपने कमरे में खीच लिया और दुष्कर्म किया। काफी देर तक बच्ची वापस न आई तो घर वालों के बाहर जाकर देखने पर युवक के कमरे से चिल्लाने की आवाज आ रही थी। दरवाजा खुलवाकर बच्ची को बाहर निकाला लेकिन आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने पोस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हमला करने वालों की सीसीटीवी फुटेज से पुलिस कर रही तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू के न्यू गुराडिया में सोमवार रात को घर में घुसकर चोरी करने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने मकान मालिक अब्दुल हफीज पर हमला कर दिया था। इसके बाद गंभीर हालत भर्ती मकान मालिक अब्दुल हफीज का इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। मामले में बुधवार को एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें आरोपी घटना स्थल के आसपास घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। किशन गंज पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। किशन गंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज सामने आया हैं। घायल मकान मालिक के बयान के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम बनाकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कैफे संचालक ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में रहने वाले एक कैफे संचालक ने सुसाइड कर लिया। बुधवार देर रात तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उसे एमवाय लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद जहर की पुष्टी की। देर रात संचालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अशोक पिता जीत यादव निवासी अल्कापुरी को उसकी पत्नी ललिता और बेटा एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था। यहां अशोक की मौत हो गई। बेटे ने बताया कि रात में पिता की अचानक तबीयत बिगड़ी थी। अशोक पिपल्याहाना में एक कैफे चलाता था। डेढ़ माह पहले व्यवसाय ठीक नहीं चलने के कारण काम बंद करना पड़ा। इसके बाद वह दूसरे काम की तलाश कर रहा था। वह काफी दिन से तनाव में था। अशोक के परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। दोनों पढ़ाई करते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डिवाइडर पर चढ़ी अनियंत्रित कार; ड्रायवर घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआं इलाके में देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने रोटरी में जा घुसी। हादसे में ड्रायवर को गंभीर चोट आई है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने ड्रायवर को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही कार को क्रेन की मदद से थाने पर पहुंचा दिया है। पुलिस के मुताबिक घटना आईटी पार्क चौराहे की है। यहां भोपाल पासिंग कार का हादसे में अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। कार के एयर बैग भी खुल गए थे। ड्रायवर के मुंह और पैर में चोट आई है। पुलिस के मुताबिक अभी ड्रायवर से संपर्क नहीं हो पाया है। हादसे को लेकर जांच की जा रही है।

# श्वान से बचने के चक्कर में घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में एक युवक को पालतू श्वान काटने दौड़ा। वह बचकर भागा तो कम्युनिटी हाल के गेट से टकराकर घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक घटना नादिया नगर स्थित क युनिटी हाल के पास हुई। घायल का नाम लोकेश पिता तेजकुमार वर्मा निवासी नादिया नगर है। उसकी रिपोर्ट पर श्वान मालिक रवींद्र सैन निवासी कम्युनिटी हाल के पास के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी रवींद्र अपना पालतू श्वान घूमा रहा था। श्वान किसी चेन से बंधा हुआ नहीं था। श्वान ने उसे देखकर भौंका और काटने दौड़ा। इससे खबराकर उसने दौड़ लगाकर बचना चाहा लेकिन वह कम्यूनिटी हाल के गेट से टकरा गया और घायल हो गया। जब उसने आरोपी से बोला कि तुम अपने श्वान को बांधकर क्यों नहीं रखते हो तो आरोपी ने गालियां दी और मारपीट भी की।

# चोरी का आरोपी भागा, पुलिस ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चोरी का आरोपी जेल ले जाते समय पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। मशक्कत के बाद उसे पकडकर जेल भेज दिया गया। संयोगितागंज पुलिस ने बताया कि आरोपी फैजल पिता शकील खान निवासी आजाद नगर ने पिछले दिनों दुकान में चोरी की वारदात की थी। सीसीटीवी फुटेज में आए हुलिए के आधार पर उसे पकड़ा था। पूछताछ के बाद बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने उसका जेल वारंट जारी कर दिया था। पुलिस उसे दोपहिया वाहन से सेन्ट्रल जेल लेकर जा रही थी। इसी दौरान संयोगितागंज थाना क्षेत्र में उसने पुलिस जवानों से लघुशंका पर जाने के लिए रोका। लघुशंका के लिए बाइक से उतरते ही वह हथकड़ी सहित भाग निकला। करीब एक घंटे तक पुलिस उसे ढूंढती रही। राहगीरों से भी पूछताछ की। मशक्कत के बाद उसे जवानों ने पकड़ा और जमकर खातिरदारी करते हुए जेल भेज दिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक